**कैरेवेल जेट विमान**

+

*७. { श्री भागवत झा आजाद :
श्री सुबोध हंसदा :
श्री म० ला० द्विवेदी :
श्री ओंकारलाल बेरवा :
श्री बाकर अली मिर्जा :
श्री पू० चं० देवभंज :
श्री प्र० रं० चक्रवर्ती : }

क्या **परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ण्डियन एयर लाइन्स कारपोरेशन ने देश के विभिन्न वायु मार्गों पर कैरेवेल जैट विमान सेवायें चालू कर दी हैं ;

(ख) यदि हां, तो कितने विमान आ चुके हैं; और

(ग) वे किन-भिन मार्गों पर चलाये जा रहे हैं ?

**परिवहन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहीउद्दीन )** : (क) जी हां ।

(ख) तीन ।

(ग) १–२–१९६४ से ये इन रास्तों पर चलाये जा रहे है:—

बम्बई–देहली
बम्बई–मदरास
बम्बई–कलकत्ता
कलकत्ता–देहली
देहली–मद्रास

[(a) Yes, Sir.

(b) Three.

(c) They are being operated on the following routes with effect from 1st February, 1964:—

Bombay-Delhi
Bombay-Madras.
Bombay-Calcutta.
Calcutta-Delhi.
Delhi-Madras.]

**श्री भागवत झा आजाद** : यद्यपि न कैरेवेल जैट विमान सेवाओं को चलते हुए अभी कुछ ही समय बीता है, क्या इस की सम्भावना है कि जिन मार्गों पर यह विमान चलाये जा रहे हैं वहां पर हमें उन की क्षमता के अनुसार काफ़ी यात्री मिल सकेंगे ?

**श्री मुहीउद्दीन** : मुझे उम्मीद है कि काफ़ी मिलेंगे । जहां तक मुझे इस ५–६ दिन में मालूम हुआ है उसके मुताबिक तो कलकत्ते और दिल्ली के दरमियान में अब भी लोगों की टिकटों की ख्वाहिश उन सीटों से ज्यादा है जो कि हम दे सकते हैं ।

**श्री भागवत झा आजाद** : पूरक प्रश्न के उत्तर को ध्यान में रखते हुए क्या सरकार स बात पर भी विचार कर रही है कि अन्य मार्गों पर भी यह कैरेवेल जैट विमान सेवायें चालू की जायें, यदि हां, तो क्या इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है और उसके लिए क्या कोई कैरेवेल जैट विमान लिये जायेंगे ?

**श्री मुहीउद्दीन** : हमारे लिए तीन कैरेवेल जैट विमान काफ़ी नहीं हैं और चौथा विमान ख़रीदने पर ग़ौर किया जा रहा है । उस के बाद यह उम्मीद नहीं है कि इन को हम दूसरे और छोटे मार्गों पर चला सकेंगे बल्कि यह न्हीं बड़े मार्गों जैसे कलकत्ता–दिल्ली, मद्रास-बम्बई आदि मार्गों पर ज्यादा चलाने पड़ेंगे ।

**Shri Subodh Hansda:** May I know whether the Government is aware that the seats of Caravelles are small and if that is so whether this was the

original design of the Caravelles or whether any change has been made in the aircraft and if so, what is the reason for this?

**Shri Mohiuddin:** The seats are quite standard seats, two on one side and three on the other, and for a journey of about two to three hours they are very comfortable.

**श्री ओंकारलाल बेरवा** : क्या मैं यह जान सकता हूं कि यह जो वायुयान चलाये जायेंगे यह बाहर के देशों के बने हुए चलाये जायेंगे या हिन्दुस्तान के अन्दर बने हुए विमान चलाये जायेंगे ?

**श्री मुहीउद्दीन** : कैरेवेल जैट विमानों को हिन्दुस्तान में बनाने का सवाल ही नहीं आता है ।

**Shri P. K. Ghosh:** What is the operation cost per passenger mile of these Caravelles as compared to the Viscounts that were flying previously?

**Shri Mohiuddin:** About the cost of operation, of course, I have not got the figures here. The cost of operation for the jets would be a little higher per mile, but taking into consideration that the number of seats is double that of the Viscount, the cost of operation per seat will be less.

**Shri Bakar Ali Mirza:** Is it a fact that the Pilots Association of India has protested against the method of selection of pilots for training abroad; is it also a fact that the Government proposes to have training in the country without similators; and is the Government satisfied itself that it will ensure safety of travel?

**Shri Mohiuddin:** I assure the House that pilots have had a very good training and the operations are absolutely safe. As far as training is concerned, there was no dispute about the selection. There was some dispute about some other matters. The training was given to some of the pilots in India.

**Shri Indrajit Gupta:** I wanted to know whether it is a fact—there is a widespread public apprehension—that the I.A.C. intend shortly to raise the passenger fares on the Caravelle routes.

**Shri Mohiuddin:** If the cost of operation goes up, the question will have to be considered, though that question is not immediately under consideration.

**Shri P. C. Borooah:** Since upgrading the trunk routes by introduction of the Caravelle service, some of the regional routes have been down graded and Jorhat has been getting Dakota instead of Friendship. May I know whether any consideration is going to be shown to those stations on the regional routes?

**Shri Mohiuddin:** Yes, Jorhat is a station on a subsidiary route. Unfortunately, we have not got a sufficient number of Fokkers for the time being, but we do hope that better aircraft will be available for operation on these routes.

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### राजस्थान में अकाल

*८. { श्री प्रकाशवीर शास्त्री :<br>श्री महेश्वर नायक :<br>श्री म० ला० द्विवेदी :<br>श्रीमती सावित्री निगम :<br>श्री कोल्ला वेंकैया :<br>डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी :<br>श्री प्र० रं० चक्रवर्ती :<br>श्री यशपाल सिंह :<br>श्री श्यामलाल सर्राफ :<br>श्री राम सेवक यादव :<br>श्री बागड़ी :

क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान और पंजाब के राजस्थान से लगते हुए क्षेत्रों में, जहां पीछे